2021

HINDI — HONOURS

Paper : DSE-A-2

(Rashtriya Kavyadhara)

Full Marks : 65

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10

(क) सोहनलाल द्विवेदी द्वारा सम्पादित किन्हीं दो पत्रिकाओं के नाम बताइए।

(ख) 'उर्मिला' किसकी रचना है? इसका प्रकाशन-वर्ष बताइए।

(ग) रामधारी सिंह 'दिनकर' को किस कृति के लिए साहित्य अकादमी से सम्मानित किया गया और कब किया गया?

(घ) मैथिलीशरण गुप्त के किन्हीं दो काव्य-संग्रहों के नाम बताइए।

(ङ) 'रश्मिरेखा' और 'भैरवी' के रचनाकारों के नाम बताइए।

(च) 'माखनलाल चतुर्वेदी नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ जर्नलिज्म एण्ड कम्युनिकेशन' की स्थापना कब और कहाँ हुई?

(छ) 'युगावतार गांधी' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए। ये किस धारा के कवि हैं?

(ज) विलासपुर सेंट्रल जेल में रहते हुए किस साहित्यकार ने कौन-सी रचना की?

(झ) ''जहाँ मनुष्यों के भीतर हरदम जलते हैं शोले, बादल में बिजली होती, होते दिमाग में गोले''– ये पंक्तियाँ कहाँ से ली गई हैं और इन पंक्तियों के रचनाकार कौन हैं?

(ञ) साहित्य जगत में 'दद्दा' के नाम से किस राष्ट्रकवि को सम्बोधित किया जाता है और 'राष्ट्रकवि' की उपाधि उन्हें किसने प्रदान की?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** लघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×3

(क) 'सिंहासन खाली करो' कि जनता आती है– कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) माखनलाल चतुर्वेदी को 'एक भारतीय आत्मा' के नाम से क्यों जाना जाता है?

(ग) 'विप्लव गायन' कविता में कवि विप्लव की कामना क्यों करते हैं?

(घ) 'मातृभूमि' शीर्षक कविता की मूल-संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'हम अनिकेतन' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए।

3. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×3

(क) राष्ट्रीय जागरण के संदर्भ में मैथिलीशरण गुप्त के काव्य की समीक्षा कीजिए।

(ख) "माखनलाल चतुर्वेदी की कविता का मूल-स्वर देश-प्रेम और राष्ट्रीय जागरण है" – इस कथन की विवेचना कीजिए।

(ग) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) राष्ट्रीय चिंतन के परिप्रेक्ष्य में पंडित सोहनलाल द्विवेदी के काव्य का मूल्यांकन कीजिए।

(ङ) "रामधारी सिंह 'दिनकर' की कविताएँ देशभक्ति के लिए खाद हैं" – इस कथन की समीक्षा कीजिए।